भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3943

उत्तर देने की तारीख : 19.12.2024

सांगली में एमएसई-सीडीपी

3943. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत विशेषकर सांगली जिले में अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं के लिए कुल कितनी निधियां संस्वीकृत, संवितरित की गई हैं और इन परियोनजाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में किन चुनौतियों अथवा विलंब का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) सांगली जिले के लिए एमएसई-सीडीपी योजना के अंतर्गत लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनके लंबित रहने के क्या कारण हैं और उनके अनुमोदन की संभावित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) क्या सांगली जिले में एमएसई-सीडीपी परियोजनाओं की प्रगति और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए कोई निगरानी और मूल्यांकन तंत्र मौजूद है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके मूल्यांकन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख) : सूक्ष्म और लघु उद्यम-कलस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत सांगली जिले में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित करने संबंधी कुल 6 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया है। इनमें से 3 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और 3 परियोजनाएं जारी हैं। ब्यौरा **अनुबंध-I** पर दिया गया है। इन परियोजनाओं के लिए कुल परियोजना लागत 91.15 करोड़ रुपए है जिसमें भारत सरकार की 57.27 करोड़ रुपए की अनुदान राशि शामिल है जिसमें से 38.27 करोड़ रुपए संवितरित कर दिए गए हैं।

(ग) : इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई चुनौती या विलंब नहीं हुआ है।

(घ) : एमएसई-सीडीपी स्कीम के अंतर्गत सांगली जिले के लिए कोई प्रस्ताव लबिंत नहीं है।

(ङ) : महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में स्थापित एमएसएमई-विकास कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ) इस स्कीम के अंतर्गत स्थापित परियोजनाओं की प्रगति और उनकी प्रभावशीलता की निगरानी करते हैं।

******

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3943, जिसका उत्तर दिनांक 19.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं.	कलस्टर का नाम	स्थिति
1.	हल्दी क्लस्टर, सांगली	पूर्ण
2.	टेक्सटाइल क्लस्टर, वीटा, सांगली	पूर्ण
3.	किशमिश मेकिंग क्लस्टर, सांगली	पूर्ण
4.	टेक्सटाइल और गारमेंट डिजिटल प्रिंटिंग क्लस्टर, मिराज, सांगली	जारी
5.	किशमिश प्रोसेसिंग क्लस्टर, जट, सांगली	जारी
6.	इंजीनियरिंग क्लस्टर, कुपवाड़, सांगली	जारी